संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

वर्ष 2017–18 के लिए 'टैगोर नेशनल फेलोशिप फॉर कल्चरल रिसर्च' योजना

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, टैगोर नेशनल फेलोशिप फॉर कल्चरल रिसर्च योजना के तहत् कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु 45 फेलोशिप और 75 छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए नामांकन/आवेदन पत्र आमंत्रित करती है। यह योजना भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों के लिए है।

इस योजना में दो श्रेणियों का प्रस्ताव है। 'टैगोर नेशनल फेलो' नामक पहली श्रेणी में चयनित विद्वानों को प्रतिमाह रू. 80,000/– का मानदेय प्रदान किया जाता है। इस श्रेणी में एक वर्ष में 15 प्रस्ताव स्वीकार किए जाते है। दूसरी श्रेणी 'टैगोर रिसर्च स्कॉलर' की है जिसमें चयनित विद्वानों के लिए प्रतिमाह रू. 50,000/– तक का मानदेय निर्धारित किया गया है। इस श्रेणी में एक वर्ष में 25 छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। [वर्ष 2017–18 की चयन प्रक्रिया में पिछले दो वर्षों/बैचों 2015–16 और 2016–17 के बैक्लॉग को जोड़कर फेलोशिप और छात्रवृत्ति की कुल संख्या निर्धारित की गई है]।

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र प्रस्तावित विषय का उल्लेख करते हुए सूचीबद्ध नोडल संस्थानों में से किसी एक को भेज सकते हैं। नोडल संस्थानों की सूची और अन्य सम्बंधित विवरण संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट - www.indiaculture.nic.in और नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय की वेबसाइट - nehrumemorial.nic.in. पर देखा जा सकता है।

आवेदन पत्र 22 जून 2018 (सायं 5:30 बजे) या उससे पूर्व सम्बंधित नोडल संस्थान में प्राप्त हो जाना चाहिए। <u>आवेदन पत्र संस्कृति मंत्रालय या नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को नहीं भेजा जाना चाहिए।</u>